# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

[बृहस्पतिवार, तिथि 2 जुलाई, 1981 ई०]

(भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

विषय-सूची।


| | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| प्रश्नों के लिखित उत्तर— | बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 4 (ii) के परन्तुक के अन्तर्गत सभा मेज पर रखे गये प्रश्नों के लिखित उत्तर : | |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या : | 513, 514, 517, 518, 521. 522, 524. 525, 526, 527, 530, 532, 538, 549, 588, 605, 628 एवं 685। | 1-29 |
| परिशिष्ट-1 (प्रश्नों के लिखित उत्तर) | ... ... | 30-64 |
| परिशिष्ट-2 (प्रश्नों के लिखित उत्तर) | ... ... | 65-242 |
| परिशिष्ट-3 (प्रश्नों के लिखित उत्तर) | ... ... | 243 421 |
| दैनिक-निबन्ध | ... ... ... | 423-424 |


टिप्पणी-किन्हीं माननीय मंत्री एवं सदस्यों से उनके भाषण के संशोधन प्राप्त नहीं हुए।

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार इसके संबंध में क्या करना चाहती है ?

प्रभारी मंत्री, लघु सिंचाई विभाग—(1) रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम प्रखंड में महादेवा डैम 1972 से नहीं बल्कि 1978 में बना है एवं उससे इस वर्ष एक हजार एकड़ खरीफ फसल की सिंचाई हुई है।

(2) इस डैम का जलग्रह 1-12 वर्गमील है जो पानी का श्रोत है। इस डैम में धोवहर नदी का पानी पहाड़ काट कर मिलाने का प्रस्ताव है जिससे उसके पटवन क्षमता में काफी विस्तार होगी।

(3) खंड 2 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

---

## चिकित्सक का पदस्थापन

द-69. रामसेवक सिंह—क्या मंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम प्रखंड के दरियागांव ग्राम अस्पतालों में लगभग 6 वर्षों से चिकित्सक नहीं है;

(2) यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त अस्पताल में चिकित्सक की पदास्थापित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक, 'नहीं' तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग—(1) उत्तर नकारात्मक है। मी० ओकेश दरिया गांव राजकीय में दिनांक 27-3-81 को योगदान किये। वे दिनांक 4-9-79 तक रहने के बाद अध्ययन अवकाश पर चले गये हैं।

(2) चिकित्सा पदाधिकारी की पदस्थापना शीघ्र की जायेगी।

---

## सड़क का पक्कीकरण

सा-35. श्री राम परीक्षण साहु—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर नेशनल हाईवे में एक रोड डुमरी, लदौरा होते हुए सरैया जाकर मुजफ्फरपुर हाजीपुर रोड में मिलती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त रोड के पक्कीकरण का प्राक्कलन स्वीकृति हेतु विभाग में लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उक्त रोड का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है ?

**प्रभारी मंत्री, ग्रामीण, विकास विभाग—(1) स्वीकारात्मक है।**

(2) प्रश्नाधीन पथ स्वीकृत नहीं है।

(2) प्रश्नाधीन पथ की लम्बाई 9 किलोमीटर है। पथ में लगभग 150 फीट लम्बा पुल का निर्माण की आवश्यकता होगी। पुल सहित पथ के निर्माण में बयालीस लाख रुपये खर्च बैठेंगे जो तत्काल संभव नहीं।

---

## मुखिया के विरुद्ध कारंवाई

क-74. श्री राम परीक्षण साहु—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रणा विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि ग्राम पंचायत राज देवरिया प्रखंड पारू जिला मुजफ्फरपुर के मुखिया श्री मोहन प्रसाद श्रीवास्तव ने पंचायत क्षेत्र के जन स्वास्थ्य विभाग के चापाकल को 1980 में उखाड़कर पाइप बेच दिया है, जिसकी सूचना श्री देवलाल पासवान ग्राम देवरिया टोले बंगरा ने प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी थी ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार उक्त मुखिया के विरुद्ध कौन की कारंवाई करना चाहती है, यदि नहीं तो सरकार उक्त मुखिया के विरुद्ध कौन सी कारंवाई करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

**प्रभारी मंत्री, लोक स्वा० अभियंत्रणा विभाग—(1) उत्तर नकारात्मक है।**

(2) प्रश्न नहीं उठता है।